प्रैस विज्ञप्ति

हैवल्स इंडिया ने छत्तीसगढ़ में ऐंट्री लैवल मॉड्यूलर स्विच 'रियो ब्लिस' लांच किए

–अगले दो–तीन वर्षों में ऐंट्री लैवल मॉड्यूलर स्विच कारोबार से 100 करोड़ रेवेन्यू का लक्ष्य
–स्विच सैगमेंट से 10 प्रतिशत वृद्धि दर की अपेक्षा
–वि.व.16–17 के अंत तक राज्य से 200 करोड़ रुपए के टर्नओवर की उम्मीद
–वि.व.16–17 के अंत तक राज्य में 20 हैवल्स गैलेक्सी शोरूम खोलने की योजना

रायपुर, 17 मई 2016: भारत की अग्रणी *फास्ट मूविंग इलैक्ट्रिकल गुड्स* (एफएमईजी) कंपनी तथा विश्व भर में मौजूदगी रखने वाली विद्युत वितरण उपकरण निर्माता हैवल्स इंडिया लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में 'रियो ब्लिस' नामक स्विच रेंज के लांच के साथ ऐंट्री लैवल मॉड्यूलर स्विच के बाजार में कदम रखा है। ऐंट्री लैवल मॉड्यूलर स्विच की यह नई रेंज उन लोगों के लिए पेश की गई है जो किफायती कीमतों पर उम्दा व आकर्षक स्विच की तलाश में हैं।

'रियो ब्लिस' स्विच रेंज उन्नत तकनीक, अधिकतम क्रियात्मकता व आकर्षक डिजाइन का अनूठा मेल है जो आज के जागरुक ग्राहकों की पसंद के मुताबिक डिजाइन की गई है, क्योंकि आधुनिक उपभोक्ता उचित कीमतों पर सर्वश्रेष्ठ उत्पादों की आकांक्षा रखते हैं। श्राउडेड टर्मिनल्स के साथ नई रेंज का कॉम्पैक्ट ऐक्सटीरियर है, कैप्टिव स्क्रूज़, ब्रास टर्मिनल्स, आर्क शील्ड, शटर्ड सॉकेट हैं जिनके कारण यह सरलता व बिना शोर के काम करता है। इस उत्पाद को सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग पॉलिमर से बनाया गया है। नई रेंज कंपनी के बद्दी स्थित प्लांट में बनाई जाती है तथा इसकी कीमत रु. 19 से शुरु होती है।

ये स्विच सात आकर्षक रंगों तथा तीन भिन्न संयोजनों में उपलब्ध हैं– ऐक्वा ब्ल्यू, प्लम रैड, स्टोन ग्रे, व्हाइट, क्लासिक आइवरी, जैट ब्लैक व सैंड बीज। इन स्विचों को रंगीन पॉलिमर से बनाया गया है जबकि आम तौर पर प्लास्टिक कवर को पेन्ट किया जाता है; इस नई विधि से स्विचों का रंग और चमक उनके पूरे जीवनकाल तक बरकरार रहता है।

इस मौके पर हैवल्स इंडिया लिमिटेड के जनरल मैनेजर श्री एम.के. अग्रवाल ने कहा, ''रियो ब्लिस का लांच हमारी रणनीति का एक हिस्सा है जिसके जरिए हम अपने पैसा वसूल उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाना चाहते हैं और व्यापक स्तर पर उपभोक्ताओं को खूबसूरत व विविध रंगों के उत्पाद मुहैया कराना चाहते हैं तथा उन बाजारों व इलाकों में पहुंचना भी हमारा लक्ष्य है जहां तब अभी हमारी पैठ नहीं है। यह नई रेंज हमारे इस दृष्टांत के मुताबिक है कि हम अभिनव एवं ऊर्जा कुशल उत्पाद बनाएं जो आधुनिक जीवनशैली को और बेहतर बना सकें।''

उन्होंने आगे कहा, ''इस लांच के साथ हमें भरोसा है कि कंपनी स्विच सैगमेंट में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर से अगले 2–3 सालों में ऐंट्री लैवल मॉड्यूलर स्विच श्रेणी से 100 करोड़ का रेवेन्यू प्राप्त करेगी।''

HAVELLS INDIA LTD.
Corporate Office: QRG Towers, 2D, Sector 126, Expressway, Noida - 201304, India
Tel: +91-120-3331000, Fax: +91-120-3332000
E-mail: marketing@havells.com, www.havells.com
Registered Office: 1, Raj Narain Marg, Civil Lines, Delhi - 110 054 (India)
Consumer Care No.: 1800 11 0303, 1800 103 1313 (All Connections), 011-4166 0303 (Landline)
CIN: L31900DL1983PLC016304

अनुमान है कि भारत में स्विच बाजार 5000 करोड़ रुपए का है।

हैवल्स के बारे में

हैवल्स इंडिया लिमिटेड भारत की सबसे तेज़ी से विकसित होती हुए एफएमईजी (फास्ट मूविंग इलेक्ट्रिकल गुड्स) कम्पनी है। इसके उत्पादों की रेंज में इंडस्ट्रियल एण्ड डॉमेस्टिक सर्किट प्रोटेक्शन स्विचगियर, केबल और वायर, मोटर, पंखे, पावर कैपेसिटर, सीएफएल लैम्प, घरेलू कॉमर्शियल और ओद्यौगिक उपकरणों के लिए ल्यूमीनैरीज़, मोड्यूलर स्विच, वाटर हीटर तथा घरेलू उपकरण शामिल हैं जो सभी घरेलू, व्यवसायिक और ओद्यौगिक आवश्यकों के लिए उपकरणों की पूरी रेंज प्रस्तुत करते हैं। प्रतिष्ठित विश्वस्तरीय ब्राण्ड जैसे क्रैबट्री, सिल्वेनिया, कॉनकोर्ड, ल्यूमिनेन्स और स्टैंडर्ड आदि हैवल्स के स्वामित्व में हैं।

40 शाखा कार्यालयों तथा 4000 से ज्यादा पेशेवरों के साथ, पिछले कुछ सालों में इस ग्रुप ने तेज़ी से सफलता हासिल की है। भारत में इसकी 12 अत्याधुनिक ईकाईयां हरिद्वार, बद्दी, नोएडा, साहिबाबाद, फरीदाबाद, अलवर, नीमराना में स्थित हैं। हैवल्स के विश्व भर में प्रतिष्ठित उत्पाद इलैक्ट्रिकल उद्योग में उत्कृष्टता एवं सटीकता का पर्याय बन चुके हैं।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:

हैवल्स इंडिया लिमिटेड
अमित शर्मा
मो.: 9911236700
ईमेल: amit1.sharma@havells.com

फॉर्च्यूना पीआर
विकास महाजन
मो.: 9953619912
ईमेल: vikas@fortunapr.com